शैक्षिक सत्र–2025–26

विषय–सिलाई

कक्षा–11

लिखित परीक्षा में एक प्रश्न–पत्र 70 अंक व तीन घण्टे का होगा। इसके अतिरिक्त 30 अंकों की एक प्रयोगात्मक परीक्षा होगी जिसमें मौखिक परीक्षा भी सम्मिलित है। प्रयोगात्मक परीक्षा 4 घण्टे से अधिक न होगी। उत्तीर्ण होने के लिये लिखित और प्रयोगात्मक परीक्षा में कम से कम क्रमशः 23+10=33 अंक आने चाहिये।

पूर्णांक 100

इकाई

1-परिधान (पोषाक)- 10 अंक

(i) परिधान का महत्व, (ii) परिधान के प्रकार, (iii) मौसम, आयु, लिंग तथा विभिन्न अवसरों पर परिधान कैसे होने चाहिये? का ज्ञान।

2-वस्त्र अभिन्यास व्यवसाय- 10 अंक

(i) सफलता के तत्व (ii) वस्त्रों का मितव्ययी प्रयोग (iii) वस्त्रों के प्रकार- सूती, ऊनी, रेशमी, सिन्थेटिक एवं आधुनिक वस्त्रों की जानकारी तथा परिधानके अनुसार इन वस्त्रों के प्रयोग का ज्ञान।

3-कंधे एवं शरीर के गठन की जानकारी तथा इस के नाप लेने की विधि- 10 अंक

(1) शरीर- (i) सामान्य, (ii) तना हुआ, (iii) झुका हुआ, (iv) तोंदील तथा अर्ध तोंदील, (v) कूबड़ निकला हुआ

(2) कन्धा- (i) सामान्य कन्धा, (ii) ऊंचा कन्धा, (iii) झुका हुआ कन्धा

4-नाप लेने की पद्धतियाँ – 10 अंक

(i) डायरेक्ट पद्धति, (ii) क्लाइमेक्स पद्धति तथा विभिन्न पद्धतियों का संक्षिप्त ज्ञान ।

5-कटाई सिलाई के अंग- 10 अंक

(i) कटर क्या है,

(ii) अच्छे कटर और टेलर किस प्रकार बनाया जा सकता है।

(iii) कटाई, सिलाई तथा प्रेस करते समय की सावधानियाँ, (iv) आनुपातिक कपड़े का ज्ञान,

(v) फैशन के अनुसार परिधान बनाने की योग्यता, (vi) सिले हुये परिधान में होने वाले दोष की जानकारी तथा उन्हें दूर करने के उपाय।

6- सिलाई व्यवसाय में प्रयोग होने वाले शब्दों की परिभाषा एवं ज्ञान- 10 अंक

श्रिंक करना, दमफ्राक, गिदरी, हाला, टिथ, डार्ट, फिश डार्ट, प्लीट, गिरह, चाक, ताबीज, कुटका, चाँपा, धाँसा, ट्रीमिंग, बाबिन, बकरम, चिकोटी, लेआउट, टॉय-ऑन,अर्ज,आडा, ओरेब आदि।

7-पर्यावरण सुरक्षा- 10 अंक

(i) सिलाई करते समय विभिन्न प्रकार के प्रदूषणों से होने वाली सम्भावनायें तथा उन्हें दूर करने के उपाय

(ii) सिलाई कक्ष में कूड़ा कचरा, कतरन जलने से प्रदूषण फैलना तथा उसे दूर करने के उपाय ।

(iii) मशीनों से उत्पन्न होने वाले ध्वनि प्रदूषण को कम करने के उपाय

प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम: 30 अंक

दिए के नाप के अनुसार निम्नलिखित वस्त्रो का रेखाचित्र बनाना, काटना एवं पूर्णरूपेण से सिलना।

1- पुरुषो के वस्त्र -

(i) नेहरू कमीज, कुरता,

(ii) बुशर्ट ।

2- नेकर-

(i) आधुनिक नेकर, हाफ पैंट

(ii) तोंदील एवं अर्ध तोंदील व्यक्ति के लिए ।

3- पैंट-

(i) नार्मल करपुलेंट,

(ii) फ्लाटिरा एक प्लेट तथा बिना प्लेट वाला, आधुनिक फैशन के अनुसार बच्चों के वस्त्र,

(iii) बाबा सूट ।

4- कोट-

(i) नेशनल स्टाइल क्लोज्ड (बंद गला कॉलर कोट),

(ii) आर्डिनरी ओपन कॉलर कोट,

(iii) नेहरू जैकेट ।

प्रयोगात्मक परीक्षा का आन्तरिक मूल्यांकन निम्नवत होगा ।

अधिकतम अंक 30 **न्यूनतम उत्तीर्णांक 10 अंक** **समय 04 घण्टे**

1. दिये गये नापों के अनुसार वस्त्रों के विभिन्न भागों का चित्र बनाना (ड्राफ्टिंग) एवं कटाई करना।	06
2. वस्त्र की सिलाई, फिनिशिंग एवं प्रेसिंग।	06
3. मौखिक कार्य।	03
4. फाइल रिकार्ड।	05
5. सिलाई–बालिका, पुरूष एवं स्त्री के वस्त्र।	06
6. मशीन के विभिन्न भागों का ज्ञान।	02
7. सत्रीय कार्य एवं मौखिक कार्य।	02